Statement

Year	Airline	No. of accidents	No. of persons killed	No. of persons injured
1985	Air India	1	329	Nil
	Indian Airlines	1	Nil	14 (minor injuries)
1986	Air India	Nil	Nil	Nil
	Indian Airlines	5	Nil	1
1987	Air India	Nil	Nil	Nil
	Indian Airlines	1	Nil	Nil

झांसी के रेलवे प्लेटफार्म से सीपरी बाजार तक एक "ओवर ब्रिज" का निर्माण

1018. **डा० गोविन्द दास शिवरिया :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या झांसी के रेलवे प्लेटफार्म से सीपरी बाजार तक एक ओवरब्रिज का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर अनुमानतया कितनी धनराशि खर्च किये जाने की संभावना है और इसका निर्माण-कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या ओवर ब्रिज के साथ सीपरी बाजार की ओर एक आरक्षण कार्यालय बनाये जाने का भी प्रस्ताव है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं ।

होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को हानि

1019. **श्री बेकल उत्साही :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया के अधीन होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को गत तीन वर्षों से लगातार हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान हुई हानि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार होटल कारपोरेशन आफ इंडिया को हो रही इस हानि को दूर करने के लिए क्या प्रभावी कदम उठा रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) जी, हां ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय होटल निगम द्वारा उठाया